खाटू धाम चारों धाम

हम सेवादारों की तो तुमसे पहचान है,
अपने लिये तो खाटू ही चारों धाम है.....

हम नाम तेरा लेकर मंजिल को बढ़ते है,
जैसी भी ही मुश्किल प्रभु हम ना डरते है,
तेरे नाम से बन जाता बिगड़ा हर काम है,
अपने लिये तो खाटू......

ये बाग तुम्हारा है तेरी फुलवारी है,
तू सेठ हमारा है हम तेरे पुजारी है,
तेरे नाम से ही बाबा अपना सम्मान है,
अपने लिये तो खाटू........

तेरी कृपा है श्याम मुझे कमी नही है श्याम,
मुझे और किसी की अब परवाह नही है श्याम,
एक श्याम नाम से जीवन अपना आसान है,
अपने लिये तो खाटू.....

कोई अच्छे कर्म मेरे ऐसा दरबार मिला,
जहाँ झुकती सारी दुनिया मुझे उनका प्यार मिला,
गोदी में बिठा के रखते यहाँ श्याम को श्याम है,
अपने लिये तो खाटू.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30878/title/khatu-dhaam-charo-dhaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |